मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-368
04/08/2021

# टोक्यो ओलंपिक 2020 के मुक्केबाजी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने पर मुख्यमंत्री ने लवलीना बोरगोहेन को शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

पटना, 04 अगस्त 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने टोक्यो ओलंपिक 2020 के मुक्केबाजी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय महिला खिलाड़ी लवलीना बोरगोहेन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की बेटी लवलीना बोरगोहेन ने ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतकर मुक्केबाजी के इतिहास में नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जिसपर हर भारतीय गौरवान्वित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लवलीना बोरगोहेन प्रगति की ऊँचाई के शीर्ष पर पहुँचे और भारत का नाम रौशन करती रहें, ऐसी मेरी कामना है।

******